www.eenadupratibha.net

# Railway Recruitment Cell, Secunderabad

Answers are Marked in Red Circles

## Group - D

AB

## Held on 1-12-2013

1213

## निर्देश

(कृपया ध्यानपूर्वक पढ़ें और अनुपालन करें)

1. कृपया सारे निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें तथा ओ.एम.आर. उत्तर पुस्तिका के पीछे दिए गए निर्देशों को भी ध्यानपूर्वक पढ़ें एवं ओ.एम.आर. उत्तर पुस्तिका तथा प्रश्न पुस्तिका में मांगी गई जानकारी भरें।

2. पृष्ठ संख्या 1 पर अंग्रेजी में एक कथन दिया गया है। इस कथन को ओ.एम.आर. उत्तर पुस्तिका में दिए गए निर्धारित स्थान पर अपने हस्तलिपि में अनिवार्य रूप से लिखें। **अंग्रेजी के बड़े अक्षरों का उपयोग न करें।**

3. (a) प्रश्न पुस्तिका की संख्या को ओ.एम.आर. उत्तर पुस्तिका में दिए गए निर्धारित स्थान पर सही लिखें तथा सही गोलों को चिन्हित करें।

   (b) प्रश्न पुस्तिका में दिए गए स्थान पर ओ.एम.आर. उत्तर पुस्तिका की संख्या लिखें।

4. प्रश्न पुस्तिका खोलने हेतु निर्देशित किए जाने पर उम्मीदवार नीले रंग की सील को खोलें। यह सुनिश्चित करें कि प्रश्न पुस्तिका में 100 प्रश्न हैं तथा पृष्ठ संख्या 8 से परीक्षा देना आरंभ करें।

5. इस प्रश्न पुस्तिका में 100 प्रश्न हैं जिनका कॉन्टेन्ट वर्जन अंग्रेजी, हिन्दी, उर्दू, तेलुगु, कन्नड तथा मराठी भाषा में भी उपलब्ध हैं। **संदेह अथवा भ्रम के संदर्भ में केवल अंग्रेजी अनुवाद को मान्यता दी जायेगी।**

6. सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रकार के हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए सिर्फ एक ही सही उत्तर है जिसके लिए एक अंक निर्धारित है। **गलत उत्तर पर अंक काटे जाएंगे। प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1/3 अंक काट लिया जाएगा।**

7. किसी प्रश्न/प्रश्नों के गलत होने पर उम्मीदवार को दण्डित नहीं किया जाएगा। ध्यान रहे कि परीक्षा के दौरान प्रश्नों का संशोधन नहीं किया जाएगा।

8. उत्तर लिखने के लिए सिर्फ **नीले / काले स्याही वाले बॉल प्वॉइंट पेन** का ही इस्तेमाल करें। एक बार उत्तर लिखने के बाद परिवर्तन नहीं किया जा सकता। उत्तर पुस्तिका में ध्यानपूर्वक उत्तर लिखें।

9. रफ कार्य (कच्चा काम) करने के लिए प्रश्न पुस्तिका के आखिरी पृष्ठ पर दिए गए निर्धारित स्थान का ही उपयोग करें। अतिरिक्त कागज उपलब्ध नहीं कराए जाएंगे।

10. लॉग टेबल्स, कैलकुलेटर, स्लाइड रूल, मोबाइल फोन, पेजर, डिजिटल डायरी अथवा कोई भी अन्य इलेक्ट्रॉनिक संयंत्र आदि का प्रयोग करना मना है। इनका उपयोग करते पाए जाने पर आपको अपात्र ठहराया जाएगा।

11. कोई भी उम्मीदवार आखिरी घंटी बजने से पहले परीक्षा कक्ष नहीं छोड़ेंगे। परीक्षा कक्ष से निकलने से पहले मूल उत्तर पुस्तिका तथा अनुलिपि उत्तर पुस्तिका एक साथ अनिवार्य रूप से वीक्षक को सौंपें। वे उम्मीदवार जो इन्हें वीक्षक के सुपुर्द नहीं करते हैं उन्हें अयोग्य घोषित किया जायेगा।

testbook.com

## SECTION - II

## हिन्दी

1. 50 लड़कियों के एक छात्रवास में, 40 दिनों का खाद्य सामग्री है, तो छात्र वास में 30 और लड़कियों के शामिल हो जाने पर वह खाद्य सामग्री कितने दिनों के लिए पर्याप्त होगा ?
(A) 35 दिनों के लिए (B) 30 दिनों के लिए (C) 25 दिनों के लिए (D) 20 दिनों के लिए

2 "इंडोमिटेबल स्पिरिट" पुस्तक के लेखक कौन हैं ?
(A) झुम्पा लहरी (B) खुशवंत सिंह (C) राजमोहन गाँधी (D) डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम

3. एक व्यक्ति ने, किसी वस्तु को खरीदकर इसे 10% के लाभ पर बेच दिया। यदि वह इस वस्तु को 20% कम मूल्य पर खरीदकर, 10 रु अधिक विक्रय मूल्य पर बेचा होता, तो उसे 40% लाभ प्राप्त होता। वस्तु का क्रय मूल्य ज्ञात करें।
(A) 500 रु (B) 480 रु (C) 450 रु (D) 400 रु

4. किस सालाना चक्रवृद्धि ब्याज की दर से, 10,000 रु की धनराशि तीन वर्षों में 13,310 रु हो जाएगी ?
(A) 8% (B) 10% (C) 12% (D) 15%

5. निम्नलिखित में से किस पद का संबंध बैंकिंग/वित्त के साथ नहीं है ?
(A) साख-समर्पित (Credit Wrap) (B) विसरण (Diffusion)
(C) ई एम आई (EMI) (D) परिपक्वता तक रोक (Held to Maturity)

6. वह कौन सी न्यूनतम संख्या है, जिसे 306452 में जोड़ने से यह पूर्ण वर्ग बन जाएगी ?
(A) 460 (B) 462 (C) 464 (D) 466

7. बैरोमीटर पठन में होनेवाली अचानक गिरावट क्या दर्शाता है ?
(A) वर्षा (B) आंधी (C) गर्म मौसम (D) अति ठंड

8. निम्नलिखित में से, कौन सा शिक्षित बेरोजगार युवाओं का एक स्व-नियोजन कार्यक्रम है ?
(A) प्रधानमंत्री की रोजगार योजना (B) स्वर्ण जयंती सहकारी रोजगार योजना
(C) राष्ट्रीय सामाजिक सहायक योजना (D) उपरोक्त में से कोई भी नहीं

9. अल बरूनी, किसके साथ भारत आया था ?
(A) तिमुर (B) बाबर (C) अलेक्जेंडर (D) महमुद गजनी

testbook.com

www.eenadupratibha.net



10. "प्रवासी भारतीय दिवस 2013" का आयोजन कहाँ किया गया था?

(A) जयपुर (B) गांधीनगर (C) नई दिल्ली (D) कोच्चि

11. निम्नलिखित में, कौन सा एक, एन्जाइम है?

(A) ग्लूकेगॉन (B) इन्सुलिन (C) सोमेट्रोपिन (D) ट्रिप्सिन

12. मुल्लापेरियार बांध कहाँ स्थित है?

(A) तमिलनाडु (B) केरल (C) कर्नाटक (D) उपरोक्त कहीं भी नहीं

13. जोगबनी – बिराटनगर एवं जयनगर – बिजलपुरा – बर्दीबास लाईनें भारत को जोड़ती है :

(A) बांग्लादेश से (B) नेपाल से (C) म्यांमार से (D) पाकिस्तान से

14. यदि MATTER का कूट TAMRET है, तो BEYOND का कूट क्या होगा?

(A) EBOYDN (B) DNOYEB

(C) YEBDNO (D) उपरोक्त में से कोई भी नहीं

15. पुलिकट स्थित किला का निर्माण किसने करवाया था?

(A) पुर्तगालियों ने (B) अंग्रेजों ने (C) फ्रांसीसियों ने (D) हॉलैंडवासियों ने

16. कबीर, किसके शिष्य थे?

(A) रामानुज (B) रामानन्द (C) शंकराचार्य (D) चैतन्य

17. एक नर्सरी के 5000 पौधों में से, 5% गुलाब के और 1% गेंदा फूल के पौधे हैं, तो बाकी पौधों की संख्या कितनी है

(A) 4750 (B) 4700 (C) 4250 (D) 4200

18. निम्नलिखित में से, कौन सा भौतिक परिवर्तन नहीं है?

(A) पानी में, ऑक्सीजन का विलयन (B) पानी में, कार्बन डाईऑक्साईड का विलयन

(C) पानी में, लवण का विलयन (D) उपरोक्त कोई भी नहीं

19. निम्नलिखित में से, कौन सा वह एकमात्र सांप है जो अपना घोंसला बनाता है?

(A) वाइपर (B) करैत (C) अजगर (D) नागराज (किंग कोबरा

20. निम्नलिखित में से, किस खनिज में ऑक्सीजन की उपस्थिति नहीं होती है?

(A) सिलिकेट में (B) कार्बोनेट में (C) पाइराईट में (D) उपरोक्त किसी में भी नहीं

testbook.com

www.eenadupratibha.net


21. चांदबीबी ने कहाँ शासन किया था ?

(A) अहमदनगर (B) बीजापुर (C) गोंडवाना (D) वारंगल

22. को ''पारसेक'' इकाई में मापा जाता है।

(A) तारों के घनत्व (B) अंतरिक्ष की दूरी

(C) अप्रकाशीय पिण्डों की चमक (D) विशालकाय तारों के कक्षीय वेग

23. निम्नलिखित में से, कौन सी बीमारी पागल कुत्ते के काटने से होती है ?

(A) हाइड्रोसिप्रोसिमिया (B) हाइड्रोसिफेक्ट्स

(C) हाइड्रोफोबिया (D) उपरोक्त में से कोई भी नहीं

24. पशुओं की ग्रीष्मकालीन निद्रा के तथ्य को क्या कहते हैं ?

(A) हाइबरनेशन (B) ऐस्टीवेशन (C) साल्वेशन (D) उपरोक्त कोई भी नहीं

25. यदि 15 लड़के 5 दिन में 900 रु. का अर्जन करते हैं, तो 20 लड़के 7 दिनों में कितना अर्जित करेंगे ?

(A) 1980 रु (B) 1820 रु. (C) 1780 रु (D) 1680 रु

26. ''एच यू एफ (HUF)'' पद का अर्थ क्या है ?

(A) हिन्दू अनडिवाइडेड फैमिली (B) हिन्दू यूनीफाईड फैमिली

(C) हाईली अरबन ईज्ड फैमिली (D) उपरोक्त कोई भी नहीं

27. खाना बनाते समय किस विटमिन के नष्ट होने की संभावना रहती है ?

(A) विटामिन A (B) विटमिन $B_6$ (C) विटामिन C (D) विटामिन K

28. एक मछुआरा, जल धारा के विरुद्ध 20 मिनट में 2 कि मी तक नाव से जा सकता है और 15 मिनट में वापस आ सकता है, तो जल-धारा की गति कितनी है ?

(A) 1 कि मी / घंटा (B) 2 कि मी / घंटा (C) 3 कि मी./घंटा (D) उपरोक्त कोई भी नहीं

29. विजय नगर साम्राज्य पर सबसे पहले किस राजवंश का शासन था?

(A) होयसला (B) संगम (C) सालुवा (D) तुलुवा

30. किसके शासनकाल में सांची स्तूप का निर्माण हुआ ?

(A) अशोक (B) हर्षवर्द्धन (C) कनिष्क (D) समुद्र गुप्त

testbook.com

www.eenadupratibha.net



31. ______ के लिए "स्वाधार" भारत सरकार की एक परियोजना है।
(A) एकल पहचान संख्या
(B) युवाओं के लिए स्व-नियोजन योजना
(C) कठिन परिस्थितियों में रहनेवाली महिलाओं
(D) वृद्धावस्था पेंशन

32. भारत में, विधवा पुनर्विवाह के कानून को सुदृढ़ता प्रदान करनेवाले पहले व्यक्ति कौन थे?
(A) पंडित रमाबाई
(B) ईश्वर चंद्र विद्यासागर
(C) महर्षि कर्वे
(D) राजाराम मोहन राय

33. किसके द्वारा जापानी इंसेफेलिटिस फैलता है?
(A) प्रदूषित जल से
(B) वायु से
(C) कुत्ते के काटने से
(D) मच्छर से

34. ए आई सी टी ई (AICTE) का विस्तृत रूप क्या है?
(A) ऑल इंडिया कउन्सिल फॉर टेक्नीकल एजुकेशन (All India Council for Technical Education)
(B) ऑल इंडिया सेन्टर फॉर टेक्नीकल एजुकेशन (All India Centre for Technical Education)
(C) ऑल इंडिया सेन्टर फॉर ट्रेनिंग एन्ड एजुकेशन (All India Centre for Training and Education)
(D) उपरोक्त कोई भी नहीं

35. नागार्जुन अभिलेख से, किसके बारे में जानकारियाँ मिलती हैं?
(A) जैन धर्म
(B) बौद्ध धर्म
(C) ब्राह्मणवाद
(D) उपरोक्त किसी के बारे में नहीं

36. भारत के किस राज्य में सुवलकुची वस्त्र उद्यान स्थित है?
(A) कर्नाटक
(B) जम्मू-कश्मीर
(C) असम
(D) मेघालय

37. धर्म, नस्ल, जाति, लिंग अथवा जन्म-स्थान के आधार पर भेद भाव को ______ में निषेध बताया गया है।
(A) अनुच्छेद 14
(B) अनुच्छेद 15
(C) अनुच्छेद 16
(D) अनुच्छेद 17

38. विषाणु की क्या विशेषताएँ होती हैं?
(A) यह केवल मृत जंतुओं में प्रवर्धित होता है।
(B) यह केवल अपने परपोषी में प्रवर्धित होता है।
(C) इसमें क्लोरोफील नहीं होता है।
(D) यह वसा निर्मित होता है।

testbook.com

www.eenadupratibha.net



39. बैक्टीरिया के द्वारा नाइट्रोजन को नाइट्रोजन यौगिक में परिवर्तित करने की प्रक्रिया क्या कहलाती है?
(A) नाइट्रोजनीकरण
(B) नाइट्रोजन स्थिरीकरण
(C) निषेचन
(D) उपरोक्त कुछ भी नहीं

40. PON, RQP, TSR, VUT, ?
(A) WUY, YXZ (B) UWV, ZXY (C) UVW, ZYX (D) XWV, ZYX

41. इनमें से किनके बारे में "नरमदलीय" पद का प्रयोग नहीं किया जा सकता है?
(A) गोपाल कृष्ण गोखले (B) दादाभाई नौरोजी (C) फिरोजशाह मेहता (D) बिपिन चंद्र पाल

42. यदि एक पिण्ड को जमीन से एक निश्चित ऊँचाई से गिराया जाए तो जब यह जमीन से आधी ऊँचाई पर होगी तो इसमें :
(A) केवल गतिज ऊर्जा होगी
(B) केवल स्थैतिक ऊर्जा होगी
(C) गतिज और स्थैतिक ऊर्जा दोनों होगी।
(D) गतिज अथवा स्थैतिक ऊर्जा में से कुछ भी नहीं होगी।

43. एक संख्या का दूना, इसके आधे से 45 अधिक है, तो वह संख्या कितनी होगी?
(A) 50 (B) 45 (C) 40 (D) 30

44. भारत के जुडे फेलिक्स किस खेल के प्रसिद्ध खिलाड़ी हैं?
(A) फुटबॉल (B) हॉकी (C) तैराकी (D) बैडमिंटन

45. अंतरिक्ष प्रक्षेपण सुविधा से परिपूर्ण बैकोनुर अंतरिक्ष केन्द्र कहाँ स्थित है?
(A) रूस (B) कजाखस्तान (C) किर्गिजस्तान (D) उजबेकिस्तान

46. किसकी विद्यमानता के कारण चींटी अपने चारों ओर की वस्तुओं को देख सकती है?
(A) सामान्य नेत्र
(B) सिर के ऊपर स्थित आँख के कारण
(C) पूर्ण विकसित नेत्र के कारण
(D) संयुक्त नेत्रों के कारण

47. एक घन का पृष्ठ क्षेत्रफल 150 मी.$^2$ (वर्गमीटर) है, तो इसका आयतन क्या होगा?
(A) 1125 घन मीटर
(B) 225 घन मीटर
(C) 125 घन मीटर
(D) उपरोक्त में से कोई भी नहीं

48. भूमध्य सागर को लाल सागर से जोड़नेवाली नहर का नाम क्या है?
(A) कोरिन्थियन नहर (B) ग्रांड नहर (C) पनामा नहर (D) स्वेज नहर

testbook.com

www.eenadupratibha.net



49. निम्नलिखित में से, किस विशेषता और इसके स्रोत का गलत मिलान किया गया है?
(A) न्यायिक पुनरीक्षण - ब्रिटिश प्रणाली
(B) समवर्ती सूची - ऑस्ट्रेलियाई संविधान
(C) निदेशात्मक सिद्धान्त - आयरिश संविधान
(D) मौलिक अधिकार - यू.एस का संविधान

50. अलमट्टी बाँध कहाँ है?
(A) हिमाचल प्रदेश (B) उत्तराखण्ड (C) कर्नाटक (D) तमिलनाडु

51. निम्नलिखित में से, किस नाम/पद का संबंध विश्व व्यापार संगठन (WTO) से नहीं है?
(A) सेवा (SEWA) (B) यू.एन.सी.टी.ए.डी (UNCTAD)
(C) गैट (GATT) (D) गैट्स (GATS)

52. निम्नलिखित में से, कौन सी शर्त भारतीय नागरिकता प्राप्त करने के लिए आवश्यक नहीं है?
(A) जन्म (B) धनोपार्जन (C) उत्तराधिकार (D) स्वाभाविकीकरण

53. बैक्टीरिया के विरुद्ध एंटिबायोटिक किस प्रकार कार्य करता है?
(A) यह बैक्टीरिया को मार डालता है।
(B) यह बैक्टीरिया को निष्क्रिय कर देता है।
(C) यह बैक्टीरिया के लिए आवश्यक जैव रासायनिक मार्गों को अवरुद्ध कर देता है।
(D) उपरोक्त में से कोई भी नहीं

54. भारत में, पुर्तगाली शासन की आधारशिला किसने रखी थी?
(A) वास्को डी गामा (B) सेंट थॉमस
(C) बार्थोलोमेव डायस (D) एल्फांसो-डी एल्बुकर्क

55. वित्तीय घाटा क्या है?
(A) निर्यात और आयात मूल्यों के बीच का अंतर
(B) कुल आय घटाव बाहरी ऋण के बीच का अंतर
(C) सरकार की कुल आय और कुल व्यय के बीच का अंतर
(D) उपरोक्त कुछ भी नहीं

www.eenadupratibha.net



56. किसी भी व्यक्ति की आँखें काली, भूरी अथवा नीली रंग की हो सकती है, जो इसके में उपस्थित रंजक के उपर निर्भर करता है।

(A) पुतली (B) आइरिश (C) कर्निया (D) कायरॉयड

57. संघ के संसदीय स्वरूप में, ____ को वास्तविक शक्तियाँ प्राप्त होती हैं।

(A) राष्ट्रपति (B) संसद

(C) न्यायपालिका (D) प्रधानमंत्री के नेतृत्व में मंत्री परिषद्

58. ध्वनि तरंगों की आवृत्ति को में व्यक्त किया जा सकता है।

(A) सेकेंड (B) चक्र (Cycle)

(C) चक्र (Cycle) प्रति सेकेण्ड (D) मीटर प्रति सेकेण्ड

59. CE, FI, JL, MP, QS, __?__

(A) TV, WY (B) TV, XY (C) TW, XZ (D) TV, XZ

60. DBMS का विस्तृत रूप क्या है?

(A) डाटाबेस मेन्टेनेन्स सिस्टम (Database Maintenance System)

(B) डाटाबेस मैनेजमेंट सिस्टम (Database Management System)

(C) डिजीटल बेस मैनेजमेंट सिस्टम (Digital Base Management System)

(D) उपरोक्त कोई भी नहीं

61. किस स्थान पर सितंबर 2013 में G-20 शिखर वार्ता का आयोजन किया गया था?

(A) सेन्ट पीटर्सबर्ग (B) सेन्ट हेलेना (C) ब्रसैल्स (D) न्यूयॉर्क

62. ब्रिटिश शासन के अन्तर्गत गरीबी और अर्थव्यवस्था पर दादाभाई नौरोजी ने किस पुस्तक को लिखा था?

(A) इण्डियन इकॉनॉमी अंडर ब्रिटिश राज

(B) ब्रिटिश रूल एण्ड ड्रेन ऑफ वेल्थ

(C) पॉवर्टी एण्ड अन ब्रिटिश रूल इन इंडिया

(D) उपरोक्त कोई भी नहीं

63. किस कारण वश उत्तरी ध्रुव प्रदेश में छह महीने की लंबी दिन और दक्षिणी ध्रुव प्रदेश में छह महीने की लंबी रात होती है?

(A) पृथ्वी के परिक्रमण के कारण (B) पृथ्वी के अपने कक्षीय-तल की ओर झुके होने के कारण

(C) पृथ्वी के घूमने के कारण (D) उपरोक्त में से कोई भी नहीं

testbook.com

www.eenadupratibha.net



64. संयुक्त नौसैनिक अभ्यास स्लीनेक्स (SLINEX) किया जाता है :
(A) भारत एवं मालदीव के मध्य
(B) भारत एवं श्रीलंका के मध्य
(C) भारत एवं सिंगापुर के मध्य
(D) भारत एवं दक्षिण कोरिया के मध्य

65. हड़प्पन सभ्यता की पहली खगोलीय वेधशाला इनमें से किस प्राचीन स्थल पर पायी गयी है?
(A) रोपड़
(B) दइमाबाद
(C) ढोलवीरा
(D) उपरोक्त में को

66. निम्नलिखित में से किस प्रक्रिया से हवा में निलंबित कणमय पदार्थ में वृद्धि नहीं होती है?
(A) वातानुकूलित यंत्र का प्रयोग
(B) ईंधन का दहन
(C) कागज उद्योग
(D) कोयला का दहन

67. हम्पी, किस नदी के किनारे स्थित है?
(A) कृष्णा
(B) कावेरी
(C) तुंगभद्रा
(D) गोदावरी

68. संयुक्त राष्ट्र संघ का (193 वाँ) नवीनतम सदस्य बननेवाले देश का नाम क्या है?
(A) एरीट्रिया
(B) दक्षिण सुडान राज्य
(C) बोसनिया एवं हरजेगोविना
(D) उपरोक्त में से कोई भी नहीं

69. भारतीय संविधान को कैसा माना जाता है?
(A) एकात्मक
(B) संघात्मक
(C) संसदीय
(D) संघीय स्वरूप एवं एकात्मक भावयुक्त

70. 336, 224, 168, 140, 126, ?
(A) 119
(B) 118
(C) 116
(D) उपरोक्त में से कोई भी नहीं

71. सच्चर समिति का संबंध किससे है?
(A) भारतीय मुसलमान समुदाय के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक स्थिति से
(B) भारत के अनुसूचित जातियों की सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक स्थिति से
(C) भारत के अनुसूचित जनजातियों की सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक स्थिति से
(D) उपरोक्त में से किसी से भी नहीं

72. वल्लभभाई पटेल को 'सरदार' की संज्ञा किसने दी?
(A) जे.एल. नेहरु
(B) एम.के. गांधी
(C) मौलाना अजाद
(D) सरोजिनी नाइ

testbook.com

www.eenadupratibha.net



73. ________ का फौजदार नियुक्त होने के पश्चात् हैदर अली ने अपनी स्थिति को सुदृढ़ किया था।
(A) आर्कोट (B) डिंडिगल (C) बुड्डीकोट (D) देवनहल्ली

74. भारत के चौदहवें वित्त आयोग के अध्यक्ष कौन हैं?
(A) सुस्मा नाथ (B) बिमल जालान (C) वाई.वी. रेड्डी (D) सुब्बाराव

75. हैरी पॉटर शृंखला की सातवीं एवं अंतिम पुस्तक का नाम क्या है?
(A) हैरी पॉटर एंड द हाफ ब्लड प्रिन्स (B) हैरी पॉटर एंड द गोब्लेट ऑफ फायर
(C) हैरी पॉटर एंड द डेथली हैलोज़ (D) हैरी पॉटर एंड द फिलोसोफर्स स्टोन

76. 0.0169 ÷ 0.013 = ?
(A) 0.13 (B) 0.013 1.3 (D) 13

77. बिरसा मुण्डा स्टेडियम कहाँ स्थित है?
(A) जमशेदपुर (B) बिलासपुर (C) रायपुर (D) राँची

78. 500 मी. की एक दौड़ में, A और B की गति का अनुपात 3 : 4 है। 140 मी. आगे रहने पर A कितनी दूरी से दौड़ जीत पायेगा?
(A) 10 मी (B) 20 मी. (C) 30 मी. (D) उपरोक्त कोई भी नहीं

79. निम्नलिखित में से, ग्यारहवीं पंचवर्षीय योजना की कालावधि कौन सी है?
(A) 2006 - 2011 (B) 2007 - 2012 (C) 2005 - 2010 (D) 2008 - 2013

80. निम्नलिखित में से, किस राज्य में, तीस्ता ऊर्जा जल विद्युत परियोजना को स्थापित करने का प्रस्ताव है?
(A) अरुणाचल प्रदेश (B) पश्चिम बंगाल (C) मेघालय (D) सिक्किम

81. श्याम, 1200 रु. क्रय-मूल्य के एक जोड़ी जूता को किस विक्रय-मूल्य पर बेचे, ताकि 16% की छूट देने के उपरान्त भी उसे 12% का लाभ प्राप्त हो सके?
(A) 1344 रु. (B) 1434 रु (C) 1550 रु (D) 1600 रु.

82. साहित्य अकादमी पुरस्कार जीतनेवाली पहली महिला कौन थी?
(A) महाश्वेता देवी (B) महादेवी वर्मा (C) अमृता प्रीतम (D) इन्दिरा गोस्वामी

testbook.com

www.eenadupratibha.net



83. निम्नलिखित में से, कौन सा जोड़ा गलत है?

(A) निजाम शाही - अहमदनगर
(B) अदीलशाही - बीजापुर
(C) बरीदशाही - बिरार
(D) कुतुबशाही - गोलकुंडा

84. महाराष्ट्र निवासी, प्रसिद्ध समाज सुधारक गोपाल हरी देशमुख ______ के नाम से भी विख्यात हैं।

(A) लोकमान्य
(B) आत्मबंधु
(C) लोकप्रिय
(D) लोकहितवादी

85. सबसे पहले किस भारतीय खिलाड़ी ने टेस्ट क्रिकेट में लगातार तीन विकेट लिया था?

(A) कपिल देव
(B) अनिल कुंबले
(C) रवि शास्त्री
(D) हरभजन सिंह

86. निम्नलिखित में से, एनोरॉयड बैरोमीटर के बारे में, कौन सा कथन असत्य है?

(A) इसमें द्रव नहीं रहता है।
(B) यह वजन में भारी होता है।
(C) इसे आसानी से एक से दूसरी जगह ले जा सकते हैं।
(D) उपरोक्त कोई भी नहीं।

87. नमी में खुला छोड़ देने पर, इसमें घुल जानेवाले पदार्थ को क्या कहते हैं?

(A) आर्द्रताग्राही
(B) उत्फुल्ल
(C) प्रस्वेद्य
(D) प्रतिदीप्त।

88. विश्व पर्यावरण दिवस कब मनाया जाता है?

(A) 8 मार्च
(B) 22 अप्रैल
(C) 5 जून
(D) उपरोक्त में से कोई भी नहीं

89. 10, 14, 25, 55, 140, __?__

(A) 386
(B) 388
(C) 398
(D) उपरोक्त में से कोई भी नहीं

90. तीन अंकों की सबसे बड़ी वर्ग संख्या ज्ञात करें।

(A) 981
(B) 971
(C) 964
(D) 961

91. XX वें राष्ट्रमण्डल खेलों का आयोजन कहाँ किया जाएगा?

(A) केनबरा
(B) ग्लासगो
(C) मलुआ
(D) उपरोक्त कहीं भी

92. ______ में "कल्याणकारी राज्य" की संकल्पना का वर्णन किया गया है।

(A) प्रस्तावना।
(B) मौलिक अधिकार
(C) निदेशात्मक सिद्धान्त
(D) मौलिक कर्तव्य

testbook.com

www.eenadupratibha.net



93. 25 कि.मी. प्र. घं. की गति से चलती हुए 270 मी. लंबी एक रेलगाड़ी विपरीत दिशा से 2 कि.मी. प्र. घं. की गति से आते हुए एक आदमी को कितनी देर में पार कर जाएगी?

(A) 24 से. (B) 30 से. (C) 36 से. (D) उपरोक्त कोई भी नहीं

94. किसी पिण्ड के विरामावस्था में रहने पर, इसमें क्या निहित हो सकता है?

(A) गति (B) वेग (C) संवेग (D) ऊर्जा

95. एक स्वीमिंग पूल की लंबाई 20 मी. चौड़ाई 15 मी. और गहराई 3 मी. है, तो 25 रु. प्रति वर्गमीटर की दर से इसके फ़र्श एवं दीवालों को मरम्मत करने में कितना खर्च आयेगा?

(A) 17,250 रु. (B) 15,720 रु. (C) 12,750 रु. (D) उपरोक्त कोई भी नहीं

96. दो अंकों की एक संख्या के अंकों का योग 9 है। इसमें से 27 घटा देने से संख्या के अंक आपस में बदल जाते हैं, तो वह संख्या कितनी है?

(A) 72 (B) 63

(C) 45 (D) उपरोक्त में से कोई भी नहीं

97. राम को उत्तीर्ण होने के लिए 40% अंक चाहिए। यदि उसे 185 अंक मिलते हैं और वह 15 अंकों से अनुत्तीर्ण हो जाता है, तो परीक्षा का अधिकतम अंक क्या था?

(A) 400 (B) 450 (C) 500 (D) 800

98. राष्ट्र संघ के पहले महासचिव कौन थे?

(A) ट्रिग्वे लाई (B) डैग हैमर्सक्जोल्ड

(C) यू थांट (D) उपरोक्त में से कोई भी नहीं

99. किस स्थिति में, चिकनी मिट्टी में, सुघट्यता का गुण दृष्टिगोचर होता है?

(A) इसमें सही मात्रा में पानी को मिलाने से

(B) इसे अत्यधिक गर्म करने से

(C) इसे गूँथने के पश्चात् कमरे के तापक्रम पर सुखाने से

(D) उपरोक्त किसी में भी नहीं

100. हमारे दुग्धिया आकाशगंगा का मार्ग कैसा है?

(A) दीर्घवृत्ताकार (B) वृत्ताकार (C) कुंडलित (D) उपरोक्त में से कोई भी नहीं

-o O o-